R.N.I.No. UPHIN/2016/66574

हिन्दी साप्ताहिक

# मिशन संदेश

Website: https:://www.missionsandesh.com E-mail-missionsandesh.skn@gmail.com

मो.सईद पठान (प्रधान संपादक)
डॉ. अब्दुल गनी (प्रभारी)
राजधानी दिल्ली ब्यूरो कार्यालय
58, गली नम्बर 04 न्यू लाहौर शास्त्री नगर- नई दिल्ली 110031
संपर्क - +917860848485

वर्ष : 09 अंक: 04 रविवार 25 फरवरी से 02 मार्च 2024 पृष्ठ –08 मूल्य : 3 रूपये

## सियासी मंथन आज, मंत्रियों संग राजस्थान के सीएम रहेंगे मौजूद

### लखनऊ एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत



संवाददाता

सीतापुर। लोकसभा चुनाव के लिए सीतापुर के एक रिजॉर्ट में आज एक अहम बैठक होगी।

इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। सीतापुर के सांसद, विधायक, राज्यमंत्री भी इसका हिस्सा बनेंगे। सीतापुर जिले के एक निजी रिजॉर्ट में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को अहम बैठक होगी।

इसमें प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों संग क्षेत्र विस्तारक, लोकसभा संयोजक, क्लस्टर इंचार्ज, जिलाध्यक्षों व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के आने की भी संभावना है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अपनी सहमति दे दी है। सीतापुर के सांसद, विधायक, राज्यमंत्री भी इसका हिस्सा बनेंगे। इसके लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे जहां प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री शंकर लोधी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, राम चंद्र प्रधान, विधायक नीरज बोरा, मति जय देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया। लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी भाजपा के लिए यह बैठक बेहद अहम मानी जा रही है। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की इस बैठक में मिश्रिख, हरदोई, सीतापुर, धौरहरा, लखीमपुर लोकसभा सीट पर दावेदारी की चर्चा भी होगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों के कार्यों की समीक्षा भी होगी। इसके साथ सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र दिया जाएगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को नैमिषारण्य में मां ललिता देवी मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे। इसके बाद वह निजी रिजॉर्ट में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद वह खैराबाद में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह संग शामिल होंगे।

## यूपी बोर्ड: पहले दिन सात परीक्षार्थियों और एक केंद्र व्यवस्थापक पर एफआईआर

### 3.33 लाख परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं बृहस्पतिवार से शुरू हुई। पहले दिन दोनों की कक्षाओं में हिंदी के पेपर थे। बोर्ड परीक्षा को लेकर काफी सख्ती रही। पहली बार परीक्षा केंद्र के साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी निगहबानी की गई। किसी तरह की अफवाह या पेपर वायरल करने वालों के लिए क्विक रिस्पांस टीम तैनात रही। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम के साथ इस बार से विद्या समीक्षा केंद्र व पांच क्षेत्रीय कार्यालयों से भी प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई।

पहले दिन पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी व इंटर में सैन्य विज्ञान और दूसरी पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य व इंटर हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा हुई। इसमें रजिस्टर्ड कुल विद्यार्थियों में से दोनो पालियों में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

हाईस्कूल की परीक्षा में नकल करते हुये पांच परीक्षार्थी पकड़े गए। वहीं जेल में निरुद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए आठ जेल केंद्रों में भी परीक्षा आयोजित की गई। शासन के अनुसार पहली पाली की परीक्षा में 07 छद्म परीक्षार्थियों के खिलाफ व एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। माध्यमिक निदेशालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में 65 कंप्यूटर से पूरे प्रदेश के केंद्रों की निगरानी की गई। वहीं हेल्पलाइन व सोशल मीडिया पर प्रवेश पत्र में दिक्कत, संबंधित विषय के शिक्षक की ही ड्यूटी लगाने, लड़के–लड़कियों का केंद्र एक साथ बनाने जैसी सूचनाएं मिलीं। इनका त्वरित निस्तारण कराया गया। पहले दिन की परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने संभल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केद्रों में सुरक्षा व्यवस्था व कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति का फीडबैक लिया। निर्देश दिया कि परीक्षा में छात्र–छात्राओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। वहीं राजधानी में माध्यमिक के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, निदेशक डॉ. महेन्द्र देव, अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी व अजय कुमार द्विवेदी, संयुक्त शिक्षा निदेशक भगवती सिंह आदि अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे के संचालन आदि की जानकारी ली।

## सपा–कांग्रेस गठबंधन : कांग्रेस को मिली 17 सीटों में से नौ उम्मीदवार तय

संवाददाता

लखनऊ। कांग्रेस को गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में अमेठी और रायबरेली में उम्मीदवार के नाम पर अभी भी संशय बना हुआ है। यहां से राहुल या प्रियंका मैदान में आएंगी अथवा कोई नया नाम सामने आएगा, इस पर सभी की निगाहें लगी हुई हैं। नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम करीब–करीब तय हैं, बस संसदीय बोर्ड की बैठक में घोषणा होना बाकी है।

कांग्रेस ने गठबंधन घोषित होने से पहले 30 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची तैयार की थी, गठबंधन में उसे 17 सीटें मिली हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फिर से उम्मीदवार बनाने का मन बना लिया है। वह पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें 14.44 फीसदी वोट मिले थे। सहारनपुर में 2019 के चुनाव में इमरान मसूद तीसरे स्थान पर थे, इस बार कांग्रेस फिर उन्हें उम्मीदवार बनाने की तैयारी में है। अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली को उतारने की तैयारी है, वे बसपा से निष्कासित किए जा चुके हैं। सीतापुर में भाजपा से इस्तीफा देकर वाया सपा कांग्रेस में आए पूर्व विधायक राकेश राठौर को उम्मीदवार बनाने की तैयारी है। कांग्रेस इन तीनों सीटों को खुद के लिए मुफीद मान रही है। बाराबंकी से तनुज पुनिया, झांसी से पूर्व सांसद प्रदीप जैन, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, महराजगंज से विधायक वीरेंद्र चौधरी, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार उम्मीदवार हो सकते हैं। इसी तरह कानपुर नगर से आलोक मिश्र, अजय कपूर, विकास अवस्थी और करिश्मा के नाम पर विचार चल रहा है। मथुरा से पूर्व एमएलसी प्रदीप माथुर अथवा पंडित राजकुमार रावत, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और अजय लल्लू, बांसगांव से कमल किशोर अथवा अनूप प्रसाद, बुलंदशहर में बंशी सिंह व एक अन्य के नाम पर विचार चल रहा है। प्रयागराज सीट पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह अथवा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नाम पर विचार चल रहा है। हालांकि अभी उम्मीदवारों के संबंध में अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी के प्रभारी अविनाश कुमार पांडेय के मुताबिक गठबंधन में मिली 17 सीटों के उम्मीदवारों के नाम संसदीय बोर्ड में रखे जाएंगे, वहीं से इनके नाम की घोषणा होगी। सपा और कांग्रेस के बीच पहली बार लोकसभा चुनाव को लेकर गठबंधन हो रहा है, ऐसे में दोनों की साख दांव पर है। फिलहाल कांग्रेस के खाते में आई 17 सीटों में सिर्फ रायबरेली कांग्रेस के पास है। पिछले चुनाव में अमेठी, कानपुर और फतेहपुर सीकरी में कांग्रेस उम्मीदवार दूसरे स्थान पर थे। इसी तरह सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया तीसरे स्थान पर रही है। इससे पहले विधानसभा चुनाव 2017 में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ था। तब यह गठबंधन करिश्मा नहीं दिखा पाया था।

विधानसभा चुनाव के गठबंधन में कांग्रेस को 105 सीटें मिली थीं। वह सात जीत कर 6.25 फीसदी वोटबैंक हासिल कर पाई थी। जबकि, सपा 298 सीटों पर मैदान में उतरी और 21.82 फीसदी वोटबैंक हासिल कर 47 सीट जीती थीं। दोनों पार्टियों को मिलाकर



28.07 फीसदी वोट मिला था। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा के बीच गठबंधन हुआ, जिसमें बसपा 19.43 फीसदी वोट हासिल कर 10 सीटें और सपा 18.11 फीसदी वोट हासिल कर पांच सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस को सिर्फ रायबरेली सीट मिली और उसे 6.36 फीसदी वोट मिला। भाजपा 49. 98 फीसदी वोट के साथ 62 सीट और उसकी सहयोगी अपना दल एस 1.21 फीसदी वोटबैंक के साथ दो सीटें जीतने में कामयाब हुई थी।

## सम्पादकीय

# लाल सागर का संकट

अमेरिकी हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। हूती लगातार पश्चिमी जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक फिर देखने को मिली है।

इस हफ्ते की शुरुआत के साथ यमन के अंसारुल्लाह गुट (जिसे हूती नाम से भी जाना जाता है) ने लाल सागर और आस पास के क्षेत्रों में जोरदार हमले किए हैं। अंसारुल्लाह के मुताबिक रविवार को अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश मालवाही जहाज पर उन्होंने मिसाइलें दागीं, जिनसे जहाज को गंभीर नुकसान पहुंचा। ब्रिटिश अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ब्रिटिश जहाज के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा है कि इस खबर की जांच कराई जा रही है। सोमवार को अंसारुल्लाह ने दो अमेरिकी जहाजों पर निशाना साधा। खबर है कि इन मिसाइलों से इन जहाजों को खासा नुकसान हुआ है। उन्होंने अमेरिका के एक हमलावर एमक्यू–9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराया। गजा में फिलस्तीनियों के नरसंहार के विरोध में हूतियों ने नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजराइल से किसी भी प्रकार से संबंधित जहाजों पर हमला करने का एलान किया था। इसके जवाब में पिछले महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर हमले शुरू किए।लेकिन इन हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। बल्कि उसके बाद से हूतियों ने ब्रिटेन और अमेरिका से संबंधित जहाजों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक इस हफ्ते फिर देखने को मिली है। इसका कारण यह बताया जाता है कि आठ साल तक सऊदी अरब से चले युद्ध के दौरान हूतियों ने अपने हथियारों और लड़ाकुओं को गुफाओं और पहाड़ों के बीच बने बंकरों में छिपा कर रखने का मजबूत इंतजाम किया हुआ है। अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू जहाजों को उन ठिकानों की टोह नहीं है। इस नाकामी से एक नौसैनिक शक्ति के रूप में अमेरिका और ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में सेंध लगी है। चूंकि कारोबारी जहाजों के लिए लाल सागर का रास्ता असुरक्षित हो गया है, तो उसका खराब असर अमेरिका और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं पर भी हो रहा है। इस रूप में इजराइल का हर हाल में समर्थन करने की नीति की महंगी कीमत पश्चिम को चुकानी पड़ रही है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन का क्या संदेश?

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय अधिवेशन भाजपा ने किया, जिसकी चुनावी तैयारियां राउंड द क्लॉक यानी 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलती रहती है। कायदे से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को इस तरह का अधवेशन करना चाहिए था और साथ ही नए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडियाच की साझा बैठक भी करनी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं और बाकी सहयोगी पार्टियों के साथ कांग्रेस का इतना भी तालमेल नहीं बन पाया है कि विपक्ष के नेता उनकी यात्रा में शामिल हों। सो, मोटे तौर पर विपक्ष की तैयारियां भगवान भरोसे हैं और चुनाव का नैरेटिव भी हालातों पर निर्भर है। ऐसा लग रहा है कि उसे अपनी ओर से चुनाव का कोई नैरेटिव भी सेट नहीं करना है। उसे सिर्फ भाजपा के तय किए नैरेटिव पर प्रतिक्रिया देनी है। तभी यह जानना अहम है कि भाजपा ने क्या नैरेटिव सेट किया है या दो दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन से देश के मतदाताओं और भाजपा के कार्यकर्ताओं को क्या संदेश दिया है। दो दिन के सम्मेलन का सार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से मिलता है, जिसे कई पहलुओं से समझा जा सकता है।

पहला, राष्ट्रीय अधिवेशन में राममंदिर पर प्रस्ताव मंजूर किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की गई। इस प्रस्ताव में कहा गया कि राममंदिर का निर्माण 'भारत की आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरणच है और यह 'एक हजार साल के लिए राम राज्य की स्थापना का प्रस्थान बिंदुच है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के चुनाव अभियान में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का क्या महत्व है। यह सिर्फ एक मंदिर का मामला नहीं है। भाजपा ने इसे हिंदू पुनरुत्थान से जोड़ा है, जिसका प्रतीक चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। अयोध्या का मामला या यह नैरेटिव सिर्फ अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार व्यापक है। अयोध्या के बाद प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया, अबु धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया और कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास भी किया। पिछले दो महीने के घटनाक्रम का संदेश दूर तक जा रहा है। भाजपा नेता भले हिंदू पुनर्जागरण, पुनरुत्थान या राम राज्य कह रहे हैं, लेकिन व्यापक हिंदू समाज इसे हिंदू राष्ट्र सुन रहा है। उसको लग रहा है कि एक हजार साल के हिंदू राष्ट्र की बुनियाद पड़ रही है और नरेंद्र मोदी इसका माध्यम बन रहे हैं।

दूसरा, इतिहास की ग्रंथियों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि दशकों से जो काम लंबित थे वो काम उनके कार्यकाल में पूरे हुए हैं। उन्होंने अयोध्या में राममंदिर निर्माण से लेकर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने, नागरिकता कानून में संशोधन करने, नया संसद भवन बनाने, तीन तलाक पर कानून बनाने, राजपथ को कर्तव्य पथ करने आदि का जिक्र किया। इन्हें सिर्फ सरकार की उपलब्धियों का बखान मानने की गलती नहीं करना चाहिए। ये मुद्दे सामान्य उपलब्धियों की तरह पेश भी नहीं किए गए हैं। ये सब या तो धर्म से जुड़े हैं या राष्ट्रवाद से जुड़े हैं। इनके जरिए ही भाजपा ने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की मजबूती का नैरेटिव बनाया है। राममंदिर, नागरिकता कानून, तीन तलाक पर कानून तो सीधे तौर पर धर्म से जुड़े मुद्दे हैं।

# आध्यात्मिक प्रेरणा के प्रखर मार्गदर्शक थे आचार्य विद्यासागर जी

नरेंद्र मोदी

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन–मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है।

आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार–बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ–साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ–साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवनच का महत्व



क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुडने की प्रेरणा मिलती है।

वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया।

शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म–जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे।

आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे। संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना 'मूक माटीच में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोडने पर बल दिया, ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें।

मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था– 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।च, इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए।

आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये गुण एक न्यायपूर्ण, करुणामयी और समृद्ध समाज के लिए आवश्यक हैं। आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है।

ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफच है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्त्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन–मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे।

# धान विक्रय हेतु लगभग 10,45,946 किसानों के जरिये कराया गया आनलाइन पंजीकरण



संवाददाता

लखनऊ। देश के विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद अभिषेक गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत धान खरीद की समीक्षा की गयी। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2183 प्रति कुं० तथा धान ग्रेड–ए का मूल्य रू0 2203 प्रति कुं० निर्धारित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 अक्टूबर, 2023 से 31 जनवरी, 2024 तक तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 नवम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 तक खरीद की कार्यवाही चल रही है।

विशेष सचिव ने बताया कि धान खरीद हेतु 70 लाख मी०टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। नामित क्रय एजेन्सी. खाद्य तथा रसद विभाग की विपणन शाखा व पी०सी०एफ०, पी०सी०यू०, यू०पी०एस०एस०, मण्डी परिषद व भा०खा०नि० द्वारा कुल 5206 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जिनमें धान विक्रय हेतु लगभग 10,45,946 किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। अब तक लगभग 790487 किसानों से 52. 97 लाख मी० टन खरीद की गयी, जिसके सापेक्ष 11334.278 करोड़ रूपये का भुगतान उनके आधार से लिंक्ड बैंक खाते में प्रेषित कराया गया है। विशेष सचिव ने बताया कि क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है। इसमें मानवीय हस्तक्षेप समाप्त कर दिया गया है, जिसके कारण धान प्रेषण एवं सी०एम०आर० डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है। क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जी०पी०एस० युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है तथा इसकी सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके। सी०एम० हेल्प लाईन, खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर–टोल फ्री नम्बर, प्रदेश, मण्डल व जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम द्वारा धान क्रय में आने वाली किसी भी कठिनाई का त्वरित गति से समाधान कराया जा रहा है। सी०एम० हेल्पलाईन से 91,842 किसानों को कॉल कर फीडबैक प्राप्त कर धान बिक्री व भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराया गया। खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर पर धान खरीद से सम्बन्धित कुल 1118 प्राप्त शिकायतों में से 1090 निस्तारित हैं, शेष 28 का निस्तारण कराया जा रहा है। क्रय धान से निर्मित कस्टम चावल के रूप में शत–प्रतिशत फोर्टीफाइड चावल का केन्द्रीयपूल में सम्प्रदान कराया जा रहा है। अब तक कुल 26.39 लाख मी०टन फोर्टीफाइड चावल केन्द्रीय पूल में सम्प्रदान कराया गया है, जिसका वितरण एन०एफ०एस०ए०, आई०सी०डी०एस० व पी०एम० पोषण योजना के लाभार्थियों के मध्य कराया जा रहा है। मुख्य मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि धान विक्रय में कृषकों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए एवं क्रय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को आगाह किया कि कृषक का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतएव यदि धान क्रय में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।

## योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ दिलवाया जाय : नरेंद्र कश्यप

संवाददाता

लखनऊ। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं का सभी जनपदीय अधिकारी प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने का कार्य करें। इसके साथ ही योजनाओं पर जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लोगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित भी किया जाए। विभागीय वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी योजनाओं की जानकारी अपलोड की जाए। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को दिए।

मंत्री नरेंद्र कश्यप गुरुवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के कार्य में कोई शिथिलता न बरती जाए। उपकरणों की समय से आपूर्ति न करने वाली संस्थाओं से स्पष्टीकरण लेते हुए सख्त कार्यवाही की जाए। दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जाए। गोरखपुर के बाद वाराणसी, लखनऊ और मेरठ में भी दिव्यांगजनों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक दिव्यांगजनो की प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया जाय। पिछड़े वर्ग के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण। प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। शादी अनुदान योजना में अधिक से अधिक लोगो को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाय। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति निर्धारित समयसीमा में प्रदान किया जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनो की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय। उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय।

मंत्री कश्यप ने अधिकारियों से कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के हितों को ध्यान दे रहीं हैं और उन्हें योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को मिले इसके लिए बजट की व्यवस्था भी की गयी है। इसलिए सभी मंडल और जनपदीय अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुए योजनाओं को पात्र लोगों को देने का कार्य करे।

बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चैधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में 11 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण को 8.80 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 11 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 08 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से अयोध्या के ग्राम हूंसेपुर, तहसील सोहावल, आजमगढ़ के ग्रा0 मुडेहरी तह0 लालगंज, कानपुर नगर के ग्रा0 नानामऊ व जमालपुर तह0 बिल्हौर, झांसी के ग्रा0 उल्दन तह0 मऊरानीपुर, अम्बेडकरनगर के ग्रा0 सस्पना तह0 अकबरपुर, बदायू के ग्रा0 सूरजपुर तह0 बिल्सी, कानपुर देहात के ग्रा0 धरमपुर तह0 सिकन्दरा, मिर्जापुर के ग्रा0 देवरीकला तथा ग्रा0 परसिया शहर तह0 सदर तथा बाराबंकी के ग्रा0 सनौली, तह0 रामसनेहीघाट में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## त्वरित आथक विकास योजना के अंतर्गत मथुरा एवं सीतापुर हेतु 1241.99 लाख रुपये मंजूर

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत जनपद मथुरा एवं सीतापुर में विभिन्न कार्यों हेतु कुल 1241.99 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दी गयी है। नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार जनपद मथुरा के विधानसभा क्षेत्र बलदेव के ग्राम सैदपुर (कासिमपुर) में भवन निर्माण कार्य के अन्तर्गत राजकीय आईटीआई के निर्माण कार्य हेतु 1216.10 लाख रुपये तथा जनपद सीतापुर में सड़क निर्माण से संबंधित एक कार्य हेतु 25.89 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं।

## उत्तर प्रदेश के कुशल कामगारों व श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किये जाने का अवसर

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कुशल कामगारों व श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किये जाने का अवसर दिया गया है, जो श्रमिक इजराइल जाने के इच्छुक हैं, वे अपना पंजीकरण क्षेत्रीय श्रम कार्यालय में करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल को नवनिर्माण कार्य के लिए श्रमिकों की आवश्यकता है। इसलिए यह भारतीय श्रमिकों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किये जाने हेतु पहले चरण में 5000 श्रमिकां को भेजने की कार्यवाही पूरी की जा चुकी है। दूसरे चरण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कुशल कामगारों से अपील की है कि शीघ्र ही अपना आवेदन कर दें। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी, 2024 तक आवेदन किया जा सकता है और 28 फरवरी, 2024 से टेस्टिंग का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसलिए इच्छुक श्रमिक लाभ लेने के लिए शीघ्र से शीघ्र आवेदन करें।

## शासकीय समिति की बैठकों का आयोजन 26 एवं 27 फरवरी को

संवाददाता

लखनऊ। शासकीय समिति की बैठक 26 फरवरी को अपरान्ह 3.00 बजे उत्तर प्रदेश अवास एवं विकास परिषद मुख्यालय लखनऊ में आहूत की गई है, जिसमें रामपुर महायोजन–2031(प्रारूप) की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रारूप महायोजनाओं–क्षेत्रीय विकास योजनाओं का परीक्षण किया जायेगा। इसी क्रम में 27 जनवरी को आगरा एवं फिरोजाबाद–शिकोहाबाद महायोजना–2031 (प्रारूप) की स्वीकृति हेतु बैठक का आयोजन उत्तर प्रदेश अवास एवं विकास परिषद मुख्यालय लखनऊ के अन्तर्गत किया गया है।

## छुट्टा गोवंश के भरण–पोषण हेतु 01 अरब 25 करोड़ रूपये स्वीकृत

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण–पोषण हेतु 01 अरब 25 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। सप्तम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण हेतु किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50–रूपये प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित–बेसहारा गोवंश के निराकरण के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है, जिसके तहत संरक्षित छुट्टा गोवंश की देखभाल का निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

## दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी निवेश सुविधा हेतु 77.35 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी निवेश कार्यक्रम की जिला योजना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में तृतीय किश्त के रूप में 77.35 लाख रूपये की धनराशि की स्वीकृत प्रदान की है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, मेरठ, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुबह टहलने निकले युवक की ट्रक से कुचलकर मौत

संवाददाता

बिंदकी। घर से सुबह टहलने निकले युवक को गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक कुचलकर भाग निकला। मौके पर पहुंचे छोटे भाई की गोद में चुल्लू भर पानी पीने के बाद दम तोड़ा दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र के मीरखपुर मोहल्ला निवासी पप्पू सैनी मुंबई में गार्ड नौकरी करते हैं। उनका पुत्र शिवा (21) भी मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। वह पांच दिन पहले मुंबई से घर लौटकर आया था। सुबह टहलने निकला था। गांधी चौराहा गुरुद्वारा गुड़िया नीम के पास पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। उसके पीछे छोटा भाई ऋषभ उर्फ राजा भी टहलने निकला था। हादसा देखकर दौड़कर पहुंचा। तड़प रहे शिवा ने भाई से पानी मांगा। वह पानी लेकर आया और चुल्लू से शिवा को पानी पिलाया। इसी दौरान शिवा की सांसे थम गई। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने मृत घोषित किया। भाई और बहन साक्षी और खुशी का हाल बेहाल हो गया। मृतक की मां उर्मिला की कई साल पहले मौत हो चुकी है। कोतवाल संतोष सिंह ने बताया ट्रक की तलाश की जा रही है।

### पहले दिन बोर्ड परीक्षा में 3114 परीक्षाथक्ष रहे गैरहाजिर

संवाददाता

फतेहपुर। बोर्ड परीक्षा की दोनों पालियों में 3114 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सभी 117 केंद्रों में कुल 64,517 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। हिंदी का प्रश्नपत्र आसान रहा। दोनों पालियों में परीक्षार्थी केंद्रों से मुस्कराते बाहर निकले। बोर्ड परीक्षा 2024 में कुल 67,631 परीक्षार्थियों की 117 केंद्रों में गुरुवार से परीक्षा शुरू हो गई। पहली पाली में हाईस्कूल के 38,182 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें 2068 परीक्षा में शामिल हुए। 36,114 परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी पारी में इंटरमीडिएट के 29,449 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, इनमें 28,403 परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा की निगरानी के लिए एक आरक्षित समेत सभी छह सचल दल भ्रमण पर निकले। शहर के कई परीक्षा केंद्रों में एडीएम राजस्व अविनाश त्रिपाठी ने बीएसए के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में कक्षनिरीक्षकों की नियुक्ति में अनियमितता मिलने पर दूसरी पाली की परीक्षा में बीएसए पंकज यादव को एडीएम ने परीक्षा की निगरानी के लिए बैठा दिया। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने परीक्षा नकल विहीन संपन्न होने का दावा किया है।राजकीय इंटर कालेज परीक्षा केंद्र से हाईस्कूल की परीक्षा देकर हंसते हुए बाहर निकले सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र सौरभ कुमार ने बताया कि उम्मीद से अधिक प्रश्नपत्र रहा। सभी प्रश्न शत प्रतिशत सही हल किया है। राइटिंग के सिर्फ नंबर कट सकते हैं।

### जाम से दो घंटे तक जूझे लोग

संवाददाता

बिंदकी। कस्बे के भीतर इन दिनों प्रतिदिन लगने वाला जाम लोगों के लिए नासूर बना गया है। मार्गों के किनारे फैला अतिक्रमण और भारी वाहनों का कस्बे के भीतर से आवागमन जाम की प्रमुख वजह है। दो घंटे की मशक्कत के बाद पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी जाम खुलवा सके। बुधवार को कस्बे के अंबेडकर चौराहे में कुंवरपुर रोड, ललौली रोड, तहसील रोड और मुगल रोड में दो घंटे से अधिक समय तक भीषण जाम लगा रहा। कस्बे के भीतर चौतरफा लगे जाम के कारण घंटों राहगीर फंसे रहे। इसके अलावा जाम में मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस और रोडवेज बसें भी फंसी रही। अधूरे बिंदकी बाईपास के कारण बड़ी संख्या में कस्बे के भीतर से भारी वाहनों का आवागमन होता है। जिससे चौराहों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। बुधवार को दो घंटे की मशक्कत के बाद पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों और ट्रैफिक पुलिस के लोगों ने जाम खुलवाया।

# जल्लाद बेटे का खूनी खेल

## बीमा रकम हड़पने के लिए कर दी मां की हत्या, हाथ कांपे...तो बच गया पिता



संवाददाता

फतेहपुर। थाना क्षेत्र में बेटे ने बीमा रकम हड़पने के लिए मां की हत्या कर दी। इसके बाद यमुना नदी के किनारे बने टीले के पीछे शव फेंक दिया। मगर हाथ कांपने की वजह से पिता की हत्या नहीं कर पाया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर जिले में जेवर और बीमा के 55 लाख रुपये हथियाने के लिए बेटे ने मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को यमुना नदी के किनारे बने टीले के पीछे फेंक दिया। ग्रामीणों की खोजबीन में शव मिला। पिता ने बेटे की संदिग्ध हरकतों के आधार पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद बेटा घर से भाग गया है। वारदात में दो अन्य लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। धाता थाना क्षेत्र के अढौली निवासी रोशन सिंह पटेल मंगलवार सुबह चित्रकूट, राजापुर हनुमान मंदिर दर्शन करने गए थे। वह दोपहर करीब एक बजे घर लौटकर आए। घर में पत्नी प्रभा देवी (49) के न मिलने पर बेटे हिमांशू (23) से पूछा। हिमांशू ने बताया कि मां नाना की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें देखने सुनारी गांव गई हैं। रोशन ने बताया कि शाम को करीब साढ़े छह बजे हिमांशू ने खाना बनाया।

कुछ देर बाद वह खेत में पानी लगाने की बात कहकर घर से निकला। देर रात खेत से लौटने के बाद सोने चला गया। रात करीब दो बजे आहट पर उनकी नींद खुली, तो चारपाई के बगल में लोहे की रॉड और धारदार बांका पड़ा था। इस दौरान घर के सारे दरवाजा खुले होने पर वह चोर की आशंका पर छत पर पहुंचे, तो वहां हिमांशू मौजूद था। हिमांशू के तेवर देख घबराकर रोशन ने सीढ़ियों का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। **फोन से सारे नंबर भी हटा दिए थे** : शंका होने पर रोशन ने भूसे की कोठरी में जाकर देख, तो वहां घसीटने के निशान बने थे। भूसे में पत्नी की चप्पल पड़ी देखी। दहशत में वह पूजा घर में छिप गए। बताया कि उनके फोन से सारे नंबर भी हटा दिए थे, इससे वह किसी से संपर्क भी नहीं कर सके। बुधवार तड़के करीब चार बजे पड़ोसी चचेरे भाई जय सिंह का दरवाजा खुलने पर वह उसके पास पहुंचे और आपबीती बताई।इ **नदी के किनारे टीले पर एक महिला का शव पड़ा मिला:** जय सिंह ने सुनारी गांव में फोन कर भाभी प्रभा के बारे में पूछा। जहां से पता लगा कि वह (प्रभा) मायके आई ही नहीं है।

सुबह छह बजे सीढ़ी का दरवाजा खोलकर हिमांशू से पूछताछ के लिए सभी पहुंचे, तो वह नहीं था। पड़ोसी की छत के रास्ते वह भाग गया था। कुछ लोगों ने बताया कि हिमांशू को मंगलवार को ट्रैक्टर से जाते देखा था। परिजनों को पता चला कि ऐरई गांव में नदी के किनारे टीले पर एक महिला का शव पड़ा है। **वारदात में दो अन्य लोगों के शामिल होने का अंदेशा** : उन्होंने जाकर देखा, तो बोरे में शव प्रभा का भरा था। एएसपी ने बताया कि पिता के अनुसार बीमा पॉलिसी के 55 लाख रुपये पाने के लिए बेटे ने मां की हत्या की है। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी बेटे की तलाश की जा रही है। पुलिस ने वारदात में दो अन्य लोगों के शामिल होने का अंदेशा भी जताया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। **कांप गए हाथ तो बच गया पिता** : मां के बाद पिता की हत्या में बेटे के हाथ कांप गए, शायद यही वजह रही कि रोशन सिंह जिंदा है। कातिल बेटा योजना के तहत पिता को मारने के इरादे से उनकी चारपाई तक पहुंचा था। उस समय रोशन गहरी नींद में सो रहे थे। उसके पास पूरा मौका था। धाता थाने के अढौली गांव के हिमांशू को जुआरी बताया जाता है। वह ऑनलाइन सट्टा, जुआ खेलता था। उसने कई लोगों से बैंक लोन के नाम पर कर्ज भी ले रखा था। **जेवर के चक्कर से हिमांशू तनाव में था:** कर्ज के चक्कर में तीन दिन पहले मां प्रभा के कमरे से 15 लाख कीमत के सोने के जेवरात व एक किलो चांदी भी चोरी किए थे। जेवरात चोरी का पता लगने पर सोमवार को पिता ने फटकारा था और जेवरात लाने की बात कही थी। इस दौरान किसी से मोबाइल पर हिमांशू ने पिता की बात कराई थी। मोबाइल पर बात करने वाले शख्स ने बोला था कि जेवरात लौटा देगा। जेवर के चक्कर से हिमांशू तनाव में था। **नदी में फेंकना चाहता था मां का शव** : मां भी जेवरात के लिए दबाव बना रही थी। उसने मां की हत्या के बाद शव को भूसे की प्लॉस्टिक बोरे में भरा था। उसे मालूम था कि करीब एक बजे के आसपास पिता राजापुर से लौट आएगें। इसी वजह से मंगलवार सुबह ही हत्या कर दी। उसने आनन-फानन ट्रैक्टर ट्रॉली में शव का बोरा रखा और नदी के किनारे छिपाकर भाग आया था। मां की हत्या का पिता से राज खुलने का डर था। वह नदी में शव फेंकना चाहता था। दो साथियों संग करीब शाम पांच बजे वह बाइक से पहुंचा था। **चौकीदार ने तीनों को टोंका था और दोबारा न आने को भी बोला** : नदी के किनारे शवदाह का निर्माण हो रहा है। निर्माण सामग्री की सुरक्षा के लिए वहां चौकीदार झोपड़ी बनाकर रहता है। चौकीदार ने तीनों को टोंका था और दोबारा न आने को भी बोला था। इसी वजह से आरोपी बारिश में खेत पर पानी लगाने के बहाने फिर घर से निकला था।

# मूर्ति चोरी और कई लोगों संग धोखाधड़ी कर चुका हिमांशू

संवाददाता

धाता। मां की हत्या के बाद फरार हिमांशू के कई कारनामे सामने आए हैं। वह शौक पूरे करने के लिए सारी हदें पार कर चुका था। पुलिस ने आरोपी की तलाश में दबिश दी है। हालांकि आरोपी का सुराग नहीं लग सका है। पुलिस की मौजूदगी में गांव के ही पति ने खेत पर मुखाग्नि देकर पत्नी का अंतिम संस्कार किया। थाना क्षेत्र के अढ़ौली गांव के हिमांशू ने बीमा और जेवर के लालच में 20 फरवरी को मां प्रभा देवी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद बोरे में भरकर शव को ट्रैक्टर-ट्राली से ऐरई गांव यमुना नदी किनारे फेंक आया था। वह पिता रोशन सिंह की भी रात को हत्या करना चाहता था। पिता की नींद खुलने पर सफल नहीं हो सका और भाग निकला। करीब तीन माह पहले रोशन सिंह के पूजाघर गोपाल जी की मूर्ति चोरी हुई थी। मूर्ति चोरी का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। कुछ दिन बाद ही परिवार के लोग जान गए कि हिमांशू ने मूर्ति चोरी की है। मामला पारिवारिक होने की वजह से दबा दिया। क्षेत्र के कई बैंकों के कर्मियों से उसकी अच्छी सेटिंग थी।

बैंकों के माध्यम से कम पढ़े लिखे और जरूरतमंदों को बैंक से लोन पास कराता था। अधिक रकम का लोन कराने के बाद कम रुपये जरूरतमंदों को देता था। बाकी रकम हड़प जाता था। अढ़ौली गांव के बच्चा सोनकर ने बताया कि उसका एक लोन गांव की बैंक से 50 हजार का हुआ था। उसे रुपयों की जरूरत थी। उसने हिमांशू से संपर्क किया। हिमांशू ने उसे जहांगीरनगर गौरा स्थित बैंक से एक लाख 20 हजार का लोन कराया।

कुछ दिन नोटिस आने पर पता लगा कि लोन तीन लाख रुपये का हुआ है। बाकी रुपये धोखाधड़ी कर हिमांशू ने निकाले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शराब, बीयर पार्टी, आन लाइन सट्टा, लड़कियों से दोस्ती जैसे हिमांशू के शौक हैं। शौक पूरे करने के लिए लोगों से धोखाधड़ी और घर में चोरी की थी। मृतका प्रभा देवी को करीब 10 दिन पहले प्रयागराज में रहने वाले सेवानिवृत्त फौजी जेठ लाल सिंह के घर में रखे जेवरात चोरी का पता लगा था।

# सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग, धरपकड़ के प्रयास शुरु

संवाददाता

खागा। वृद्ध महिला को चकमा देकर घर से नकदी व जेवरात चोरी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पीड़ित महिला ने गुरुवार को कोतवाली में तहरीर दी है।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस अहम ठोस सुराग मिले हैं। कस्बे के बैरागी का पुरवा निवासी संगीता यादव शिक्षामित्र हैं और उनके पति सेना में जम्मू में तैनात हैं। संगीता अपनी वृद्ध सास व बच्चों के साथ रहती हैं। बुधवार को संगीता विद्यालय गई थी और बच्चे भी स्कूल में थे। घर में सास अकेली थी। बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दो युवक बाइक से कंबल लेकर पहुंचे और संगीता की सास को दिखाने लगे। एक युवक सास को चकमा देकर घर के अंदर चला गया और वहां से पांच लाख नकद व कीमती जेवरात चोरी कर लिए। इसके बाद दोनों वहां रफूचक्कर हो गए। संगीता ने देर शाम कोतवाली में सूचना दी तो पुलिस जांच के लिए पहुंची। पुलिस ने रास्तों पर लगे सीसीटीवी खंगाले तो फुटेज में दो युवक बाइक से जाते दिखे। इंस्पेक्टर खागा तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया जाएगा। करीबियों के **मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकाले गए** : पुलिस ने हिमांशू के मोबाइल नंबर के आधार पर करीबियों के मोबाइल नंबरों का सीडीआर निकलवाया और अवलोकन शुरू किया है।

# महंगा, बेरोजगारी से आम जनता का जीवन त्रस्त :आनंद भदौरिया



संवाददाता

सीतापुर। समाजवादी पीडीए पदयात्रा सातवें दिन धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में हैदरपुर में सपा नेता लाल सिंह यादव के आवास से प्रारंभ हुई।

विधानसभा महोली में प्रवेश करते ही विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला व देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पद यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया, पदयात्रा घूरेखेड़ा से तिहार मोड, कंचनपुर रावतपुर, सहरोई, डल्लुपुर ,जंगना, नौब्बा अंबरपुर, सहादत नगर होते हुए काजी कमालपुर पहुंची, रास्ते में जगह जगह भव्य स्वागत हुआ, पदयात्रा का घूरेखेड़ा में देवेंद्र सिंह ने, तिहार मोड पर गुड्डू प्रधान ने, रावतपुर में रमेश कुमार, सतीश कुमार व छोटू ने, सहरोई में कालीचरण गौतम, सरोजनी देवी व इंद्र कुमार राजवंशी ने डल्लूपुर मे लालता प्रसाद ने, जंगना में ओमकार वर्मा, मदनलाल वर्मा व भगवानदिन कोरी पूर्व प्रधान ने, नौब्बा अम्बरपुर में धनंजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, सहादत नगर में सतीश सिंह, फैयाज खान पूर्व प्रधान, काजी कमालपुर में नन्हे वर्मा, उमाशंकर वर्मा, असलम, शेर सिंह, सलीम खान, फखरुद्दीन ,शाहरुख खान, उत्तम कुमार पूर्व प्रधान व त्रिभुवन वर्मा ने स्वागत किया!

आनंद भदौरिया ने काजी कमालपुर पहुंचकर राजा सल्लीह सिंह अर्कवंशी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान रक्षा की शपथ ली! आनंद भदौरिया ने युवा नौजवान और किसानों को संबोधित करते हुए कहाकि' भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते सामाजिक–आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है। गरीब और गरीब हो रहा है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। हालत यह है कि देश की 80 करोड़ जनसंख्या सरकारी राशन पर निर्भर है। महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता का जीवन त्रस्त है। देश की सम्पत्ति के बड़े हिस्से पर कुछ पूंजीपतियों का कब्जा है। पूंजीपतियों की सम्पत्ति अंधाधुंध बढ़ रही है जबकि गरीब की हालत बिगड़ती जा रही है। किसान कर्जदार हो रहा है तो व्यापारी उत्पीड़न के शिकार हैं।

भाजपा सरकार के दस साल में देश में गरीबी और आर्थिक तंगी से एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं! समाजवादी पीडीए पदयात्रा में प्रमुख रूप से छत्रपाल यादव जिला अध्यक्ष सीतापुर, लखीमपुर खीरी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, सुरेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, शिवम श्रीवास्तव, अरुण दीक्षित मोनू, जगन्नाथ सिंह, अमित शुक्ला, सतीश द्विवेदी, मनोज यादव, इंद्री यादव, गुड्डू अंसारी, रमेश शुक्ला विधानसभा अध्यक्ष, , छात्र सभा अध्यक्ष प्रवीण यादव, आनंद पटेल, उत्तम वर्मा, रमन मनार, भूपेंद्र सिंह अन्नू सहित सैकड़ो पद यात्रियों ने समाजवादी पीडीए पदयात्रा में हिस्सा लिया!

# राजनैतिक प्रक्रिया में महिलाओं को और भी अधिक भागीदारी को सक्षम करेगा-विधायक

## ब्लाक परिसर में हुआ नारी शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम, महिलाओं को दिए गए सम्मान पत्र



संवाददाता

महोली/सीतापुर। परिवार के लोग एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो केवल एक ही व्यक्ति शिक्षित होता है लेकिन जब एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करने का काम करते हैं। हमारी संस्कृति में महिलाओं को बहुत सम्मान किया जाता है। हम नारी को देवी के रूप में पूजते हैं। यह उद्‌गार विधायक शशांक त्रिवेदी ने ब्लाक परिसर में आयोजित नारी शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

बसंत पंचमी के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलन कर किया। स्वयं सहायता समूह व एनजीओ की महिलाओं की मौजूदगी में हुए नारी शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि भाजपा ने मातृ शक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कोई ऐसा उत्पाद तैयार करें जो प्रदेश स्तर तक महोली का नाम रोशन करे। इसके लिए एक करोड़ तक की धनराशि की व्यवस्था सरकार की तरफ से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण ऐसा कानून है जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा वहीं हमारी राजनैतिक प्रक्रिया में महिलाओं को और भी अधिक भागीदारी को सक्षम करेगा।

कार्यक्रम में विधायक द्वारा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को शक्ति वंदन सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इसके बाद विधायक ने आठ दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित कीं। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निधि सिंह, इंदू श्रीवास्तव, शिखा बाजपेई, राजरानी, ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद, बीडीओ महोली प्रतीक सिंह, बीडीओ ऐलिया शैलेन्द्र सिंह, भूमि विकास बैंक समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह, सीडीपीओ ममता यादव, शैलेष कुमार गुप्ता, शिव प्रकाश सहित तमाम मातृ शक्ति व अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करना होता : एसडीएम



सवाददाता

महोली/सीतापुर। नगर के ब्लिस इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन छात्र–छात्राओं ने अनेक विषयों से संबंधित मॉडल बनाकर किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव ने प्रत्येक कक्ष में छात्र–छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को अवलोकन कर प्रश्नन पूछे, छात्र–छात्राओं ने उप जिलाधिकारी के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव ने कहा कि विज्ञान मेला एक स्पर्धा है जिसमें प्रतिस्पर्धी अपनी–अपनी विज्ञान परियोजना प्रस्तुत करते हैं। विज्ञान मेला छात्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अभिरुचि पैदा करने एवं अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करना होता है। इससे उनके रुचि के उत्साह के साथ नए तथ्यों और आविष्कारों को सीखने में मदद मिलती है। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने कहा कि भविष्य में विभिन्न और सुविधा देकर बच्चों की प्रतिभा में निखार लाया जाएगा। इस क्षेत्र में उन्नयन के लिए शिक्षा संबंधी संसाधनों को बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन का कार्य देख रहे हैं आयुष वर्मा ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रेनू वर्मा,प्रधानाचार्य जेपी सिंह, अधिवक्ता जितेंद्र त्रिवेदी, रामू रस्तोगी, विद्यालय की शिक्षिका चंद्रा,वदिका मिश्रा, कनिका मगन,दीप्ति दीक्षित, सोनम, सोनल, सरनजीत सहित अभिवाद मौजूद रहे।

# सफा कमह्न से अभद्रता किए जाने के मामाले में पुलिस ने केस किया दज

संवाददाता

महमूदाबाद/सीतापुर। सभासद द्वारा सफाईकर्मी से अभद्रता किए जाने के मामाले में कार्य बहिष्कार के साथ हड़ताल की चेतावनी के बाद कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

केस दर्ज होने के बाद सफाईकर्मियों ने कार्य बहिष्कार के साथ हड़ताल खत्म कर दी है। मालूम हो कि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के बीबीपुर वार्ड में तैनात संविदा सफाईकर्मी संतोष कुमार पुत्र रामकुमार वार्ड की सफाई करते वक्त सभासद इस्लाम पुत्र भोले के घर के पास पहुंचा तो सभासद इस्लाम ने अभद्रता करते हुए कूड़ा गाड़ी को पलट दी तथा सफाईकर्मी को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की थी।

# मंडलायुक्त तक जाकर थक चुका हूं....मेरी भूमि को कब्जामुक्त करा दें साहब

संवाददाता

महमूदाबाद/सीतापुर। बीते शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर स्थगित कर दिया गया था। जो कि मंगलवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। महमूदाबाद तहसील सभागार में मंगलवार एसडीएम शिखा शुक्ला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। मौके पर 46 शिकायतें आईं। जिनमे से 23 शिकायतें राजस्व विभाग, 14 शिकायतें पुलिस विभाग व शेष 10 शिकायतें दूसरे विभागों की रहीं। मौके पर मात्र 6 शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया। लंबित शिकायतों को एसडीएम शिखा शुक्ला ने संबंधित विभाग के अधिनास्तों को समय से निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए क्षेत्र के ग्रामपंचायत गुडैचा के धुरिया गांव से आए दो फरियादी भाइयों हरिनाम और आशाराम ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया की उनकी गांव स्तिथ भूमि गाटा संख्या 1मि./0.620 हे. है। राजस्व अभिलेखों में दोनो फरियादी भाइयों का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि जिसके बीच में से पीडब्ल्यूडी द्वारा रेउसा–महमूदाबाद रोड निकलने से भूमि दो हिस्सों में मतलब पूरब और पश्चिम दिशा में बट गई। आरोप है कि पूरब तरफ वाली भूमि जिसपर उनके द्वारा पहले से ही बांस के पेड़ लगाए गए थे। बावजूद इसके उसपर पास के गांव गोपालपुरवा के निवासी रामनरेश, कैलाश, राजेश, गेंदाराम उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नियत से पक्का निर्माण कर रहे हैं।

# भाजपा ने चलाया लाभार्थी सम्पर्क अभियान



संवाददाता

सीतापुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा संगठन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण अभियान लाभार्थी सम्पर्क अभियान की मण्डल कार्यशाला के नेहरू हॉल में आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी रहे। कार्यशाला में नगर के सभी संगठन पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने घर–घर सम्पर्क कर लाभार्थियों को केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलायी गयी योजनाओं से लाभांवित नागरिको से भाजपा को वोट देने की अपील करने का आग्रह किया।

नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये कहा कि आजादी के 70 वर्ष के शासनकाल में जितने विकास कार्य हुये उससे कई गुना इन्ही 10 वर्षो में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने किये हैं। हम कार्यकर्ताओं को यही बात जनता को समझानी हैं। नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी ने बूथ अध्यक्षों को विशेष रूप से बताया कि करोना टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन, मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, जनधन खाते, मुफ्त शौचालय आदि योजनाएं ने जनता को सीधा लाभ पहुँचाया हैं और प्रधानमंत्री आवास, मुफ्त गैस के वितरण में प्रदेश में प्रथम रहा हैं। अतः अपने नगर के लाभार्थियों से मिलकर उनके जीवन में इन योजनाओं से क्या सकारात्मक बदलाव आया और आने वाले चुनाव में लाभ का स्मरण करके वोट करने की अपील करे व वोट प्रतिशत बढ़ाये। कार्यशाला में सोनिया गुप्ता, सुशीला जायसवाल, पूनम महेन्द्र, मीना जायसवाल, मीना त्रिवेदी, ममता जायसवाल, राधा जायसवाल, अंजू गुप्ता, प्रेमलता बाजपेई, राकेश मिश्रा, करन सिंह आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष इंदु सिंह चैहान, आदि ने अपने–अपने विचार रखे।

# पार्किंग मेला स्थल के सभी दिशाओं में होनी चाहिए : सत्येन्द्र कुमार

## डीएम ने की लोधेश्वर महादेव मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक




संवाददाता

बाराबंकी । ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आगामी महाशिवरात्रि के अवसर पर आगामी 28 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले श्री लोधेष्वर महादेव मेले की समस्त व्यवस्थाएं प्रत्येक दशा में निर्धारित समय पर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि साफ़ सफ़ाई, पेयजल, आवागमन तथा सुरक्षा जैसे मामलों की व्यवस्था एकदम चुस्त दुरुस्त की जानी चाहिए। ज़िलाधिकारी ने गुरुवार को लोक सभागार में लोधेशवर महादेव मेला की तैयारियों से सम्बंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, मेला समिति के पदाधिकारी, पुजारियों सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मेला अवधि के दौरान मेला क्षेत्र एवं उससे जुड़े रास्तों पर गन्ने से लदे ट्रक एवं ट्रालियों के आवागमन के डायवर्जन पर सम्बंधित अधिकारी विचार कर उन्हें अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि बोहनिया एवं अबरन तालाबों की साफ़ सफ़ाई के साथ ही जल स्तर की निगरानी के कार्य के लिए भी सम्बंधित को निर्देशित किया जाए। साथ ही मोबाइल टॉयलेट, वाटर टैंकर की समुचित व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि बैरिकेटिंग, टेंटेज, पार्किंग और लाइट की व्यवस्था पहले से अधिक व्यवस्थित रखी जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पार्किंग मेला स्थल के सभी दिशाओं में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले के साइनेज की संख्या अधिक रखी जाए और ये सुस्पष्ट और बड़े साइज के होने चाहिए। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने उप ज़िलाधिकारी, रामनगर तथा क्षेत्रीय पुलिस क्षेत्राधिकारी की संयुक्त समिति गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि यह समिति जांच कर पता लगाए कि मेला परिसर में लगने वाली दुकानों से वसूली जाने वाली तहबाजारी आदि का कितना अंश मेले की व्यवस्था में उपयोग किया जाता है अथवा नहीं।

उन्होंने कहा कि मेले को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए मेले की दुकानों से होने वाली आय के कुछ हिस्से का उपयोग किया जा सकता है। ज़िलाधिकारी ने कहा कि बोहनिया तालाब के पास पुलिस चैकी बनती है तो वहीं पर कांवड़ियों से प्राप्त सामान आदि को रखने की व्यवस्था कर ली जाए। पश्चिम में पुल के दोनों तरफ एवं पूरब साइड में एक लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

घाघरा पुल से चैकाघाट तक प्रकाश की व्यवस्था अवश्य की जाए। जनरेटर एवं इन्वर्टर आदि की भी समुचित व्यवस्था रखी जाए।

मेले में एक हेल्थ कैम्प चैबीस घंटे कार्य करेगा तथा खोया पाया केंद्र भी नियमित कार्य करेगा। मेले में नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी के बीस बीस स्वयं सेवक कार्यरत रहेंगे तथा समुचित मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। फायर टेंडर और गोताखोरों की टोली भी उपस्थित रहेगी। साथ ही एम्बुलेंस भी चैबीस घंटे उपलब्ध रहेंगी।

# मंदिर निर्माण वालों के पैर धुले जा रहें हैं : दिनेश रावत

## श्रम प्रकोष्ठ की बैठक में बोले भाजपा विधायक



संवाददाता

बाराबंकी। श्रमिकों किसानों नौजवानो के शुभ चिंतक प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

मुग़लों की इमारतों को बनाने वाले श्रमिकों के हाथ काट लिए जाते थे। लेकिन राम मंदिर निर्माण करने वाले श्रमिकों के ऊपर पुष्प वर्षा व उनके पाव धुलने का काम मोदी ने किया है। उक्त विचार भारतीय जानता पार्टी श्रम प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के वाराबंकी में हैदरगढ़ विधानसभा के ग्राम–कमेला में श्रम प्रकोष्ठ भाजपा ज़िला संयोजक व मण्डल संयोजक दीपक तिवारी द्वारा आयोजित श्रम –गोष्ठी सभा में मुख्य वक्ता राम सूरत मौर्य क्षेत्रीय संयोजक श्रम प्रकोष्ठ ने व्यक्त किए। विधायक दिनेश रावत ने कहा की भाजपा सरकार ने किसानों कामगारों के लिए विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर उनकी ग़रीबी को दूर करने का काम मोदी सरकार ने किया है।

कार्यक्रम आयोजक शिव स्वामी वर्मा ने कहा की पहले की सरकारों ने काम गारो को तो मजदूर समझ कर असहाय छोड़ दिया था। परन्तु योगी मोदी सरकार ने श्रमिक का दर्जा देकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए योजनाओं का अंबार लगा दिया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम देव सिंह, मण्डल अध्यक्ष राम सागर मौर्य, हैदरगढ़ चेयरमैन आलोक तिवारी, बीएन तिवारी, प्रधान संघ के अध्यक्ष हनुमान त्रिवेदी, प्रमोद तिवारी, मंच का संचालन विक्की पांडेय ने किया। उपाध्यक्ष भाजपा व जनता जनार्दन मौजूद रही।

# पुलिया के नीचे पानी में बरामद हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव

## शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक रखा जाएगा मृतक शव



संवाददाता

मसौली, बाराबंकी। थाना मसौली अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव खारजा पुलिया के नीचे पानी में पाया गया।ग्रामीणों द्वारा देखे जाने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मृतक को पानी से निकालकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन कोई सफलता न हाथ लगने पर पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां उसके शव को 72 घंटे के लिए पहचान के लिए रखा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुजापुर जाने वाली सड़क पर सुबह ग्रामीण अपने खेतों को जा रहे थे। इस बीच उन्होंने देखा कि खारजा पुलिया के नीचे किसी का शव पानी में मुंह के बाल पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को होने पर वह भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। यहां ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने मृतक के शव को पानी से बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन काफी देर चले प्रयास के बाद भी पुलिस मृतक की पहचान करने में असफल रही। पुलिस के मुताबिक मृतक की आयु 35 वर्ष के करीब है। उसके शरीर पर मिले कपड़ों के मुताबिक वह सामान्य परिवार का है। घटनास्थल के पास पड़ी दारू की बोतल से प्रतीत होता है कि व्यक्ति नशा करने का आदी था।

# नवदम्पत्ति ने किया पौधरोपण



संवाददाता

जैदपुर, बाराबंकी। ग्रीन गैंग/पर्यावरण सेना के सदस्य मुमताज़ अहमद बेताब के पुत्र दादरा निवासी तनवीर हुसैन तालीम व पुत्रवधू साबिया बानो यानी नवदम्पति द्वारा निकाह के बाद पहली बार घर आने पर अपने दरवाजे आम का पौध रोपण किया।

उसीदिन बेटी के निकाह अवसर पर आये बारातियों को गेंदा फूल के पौधे भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित बारातियों जनातियों को संबोधित करते हुए मुमताज़ बेताब ने कहा कि खुशहाली के लिए पौधा रोपण जरूरी है। संसार में मनुष्य के सबसे बड़े हितसाधक वृक्ष ही हैं। फल फूल लकड़ी और प्राणवायु प्रदान करते हैं, जिनके बिना जीवन संभव ही नहीं है।

पौध रोपण–अवसर पर ग्रीन गैंग संस्थापक सदस्य अब्दुल खालिक ने कहा कि ग्रीन गैंग द्वारा संस्कार और खुशी के मौके पर वृक्षारोपण की मुहिम सफलता की ओर बढ़ रही है। ग्रीन गैंग/पर्यावरण सेना ने वृक्षारोपण को जन–अभियान बनाने के लिए खुशी, उल्लास और संस्कार के अवसर पर कम से कम एक वृक्षारोपण का आह्वान किया है।

# रविदास जयंती पर निकलेगी झांकिया

संवाददाता

बाराबंकी। गुरुवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चन्द्र कुरील के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। शोभा यात्रा रमेश चन्द्र कुरील के निवास मोहल्ला कानून गोयान निकट मुड़कटी देवी मंदिर से निकलेगी। जिसमें मोहल्ला आजादनगर, पैसार, सिद्धार्थनगर, गौढ़ी पीरबटावन, फतहाबाद से सन्त रविदास के जीवन पर आधारित तरह–तरह की झाँकिया सम्मिलित होंगी। प्रत्येक वर्षो की भॉति शोभा यात्रा में ढोल, बैण्ड बाजे, भजन मण्डली, छोटे–छोटे बच्चे, बौद्ध भिक्षु व अन्य कलाकार आकर्षण का केन्द्र होगे। शोभा यात्रा में रविदासी पंथ को मानने वाले व अन्य समाज के लोग हजारो की संख्या में शामिल होगें।

सैदनपुर में 5.39 लाख स्ट्रीट लाइटों पर खर्च, फिर भी गलियों में अंधेरा

कोठी, बाराबंकी। गांव की गलियों में उजियारे के लिए सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र की सैदनपुर पंचायत में दो वर्षों में करीब साढ़े पांच लाख रुपए मात्र स्ट्रीट लाइटें पर खर्च हो गए। लेकिन घटिया किस्म की लगी स्ट्रीट लाइटें चंद दिनों में खराब हो गई।

# पत्नी से विवाद, पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता

बाराबंकी। पत्नी से हुए विवाद के बाद गुमसुम पति ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत सुबेहा भिटारी मोहल्ले में बुधवार देर रात संतोष यादव (25) का शव उसके कमरे में लगे पंखे और केबिल तार की मदद से लटका हुआ मिला। परिजनों द्वारा देखे जाने पर वह सभी जोर–जोर से चिल्लाने लगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने जर्जर तारों को बदलने के लिए आवश्यक कार्यवा करें : डीएम

## बिजली विभाग के अधिकारी किसानों के फोन अवश्य उठाएं :- मंगला प्रसाद सिंह




संवाददाता

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिय कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने जर्जर तारों को बदलने के लिए आवश्यक कार्यवाई करें और बिजली विभाग के अधिकारी किसानों के फोन अवश्य उठाएं तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनायें एवं आपूर्ति का एक रोस्टर बनाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन विभाग की किसान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किसानों को लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित किया जाए और किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त नए आवेदनों का निस्तारण त्वरित रूप से करायें तथा कम आवेदन वाले विकास खण्डों पर विशेष ध्यान आवेदन बढ़वायें। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाए।

बीमा कंपनी के प्रतिनिधि किसान संगठनों के संपर्क में रहें। बुधवार को किसानों के साथ बैठक में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि गोशाला में गोमूत्र व गाय के गोबर से बने जीवामृत व घन जीवामृत किसानों को देकर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए।

किसानों को लक्ष्य के अनुरूप सोलर पम्प दिए जाएं। किसान नेता राजबहादुर सिंह व अन्य ने किसान सम्मान निधि में जनपद के शीर्ष पर आने के लिए पुष्पगुच्छ भेंट किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 90 प्रतिशत किसानों का इकेवाईसी हो चुका है तथा शेष किसानों का इकेवाईसी कराने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने किसान प्रतिनिधियों से अपील की कि अपने आस–पास के सभी छूटे हुए किसानों की इकेवाईसी करवाने में सहायता करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य संबंधित अधिकारी व किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिला विकास अधिकारी ने कछौना ब्लाक का निरीक्षण कर जानी हकीकत

संवाददाता

कछौना/हरदोई। विकासखंड कछौना में जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार ने निरीक्षण किया। अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बताते चलें जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार ने निरीक्षण के दौरान ब्लाक के आवश्यक अभिलेख सर्विस बुक, जीपीएफ व स्थापन पंजिका, गार्ड फाइल, निरीक्षण पंजिका, भूमि भवन पंजिका, उपस्थिति पंजिका, ग्राट रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन किया। ब्लॉक परिसर में सभी पटलों का निरीक्षण किया। पटल कर्मचारी से जानकारी ली। एडीओ पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया कक्ष की जर्जर हालत, फाइलों का उचित रखरखाव न होने पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सभागार का निरीक्षण के दौरान टूटे दरवाजे को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। ब्लॉक परिसर का निरीक्षण के दौरान ट्री–गार्ड को सही कराने का निर्देश दिया, ट्री–गार्ड से पेड़ गायब थे, ईंटे गिर चुकी थी, प्रांगण में गंदगी का अंबार था। सामुदायिक शौचालय में ताला लटका था, परिसर में लगा इंडिया मार्का नल की मशीन नहीं बनी थी। इन समस्याओं के विषय में खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने बताया यह क्षेत्र पंचायत से बना है। इसे ग्राम पंचायत को हैंडओवर करके केयरटेकर की नियुक्ति कराकर सुचारू रूप से चालू कराया जाएगा। पंचायत भवन पतसेनी देहात का निरीक्षण किया, व्यवस्थाएं देखकर ग्राम सचिव संतोष कुमार की सराहना की।

इस निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, एडीओ पंचायत अरविंद कुमार, एडीओ आईएसबी राजेंद्र नाथ, वरिष्ठ सहायक विकास द्विवेदी, माला देवी, कर्मी, ग्राम सचिव संतोष कुमार सहित ग्राम सचिव/पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पिहानी का किया गया वार्षिक निरीक्षण

संवाददाता

हरदोई।पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी द्वारा थाना पिहानी जनपद हरदोई का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक हरदोई को सलामी दी गई, सलामी के उपरांत महोदय द्वारा थाने में रखे अभिलेखों, कंप्यूटर, अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मालखाना, शस्त्रागार, बंदीगृह, मेस, जलपान की व्यवस्था, सीज किए गए वाहनों का रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, थाने पर रखे सभी असलहो को चेक किया गया एवम् थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया ,थाने पर मौजूद सरकारी वाहनों के रखरखाव व उनकी साफ सफाई पर ध्यान केंद्रित करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए।

एवं प्राथमिक उपचार के लिए रखे फर्स्ट एड बॉक्स किट को चेक किया गया एवं थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना पिहानी क्षेत्र के अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत नवनिर्मित पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया।

# समाजसेवी ने कबड्डी/दौड़ प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारंभ

संवाददाता

कछौना/हरदोई। नगर पंचायत कुरसठ कस्बे में कबड्डी/दौड़ प्रतियोगिता का अयोजन जय हिन्द द्वारा कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डा. नृपेन्द्र वर्मा "वर्मा हॉस्पिटल के संचालक व विशिष्ठ अतिथि के रूप में गरीब बेरोजगार सेवा फाउंडेशन की संस्थापक डा.काजल वर्मा" ने फीता काटकर कबड्ध्डी व दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जय हिंद संस्था ने बताया यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है। खेल कूद से जुड़े बच्चों को हम स्पोर्ट्स के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य करते है। खेल की शुरुआत कलौली टीम व माधौगंज टीम द्वारा मैच खेला, जिसमें कलौली ने माधौगंज की टीम को हराकर विजयी घोषित हुई।

वही फाइनल मुकाबला बेहंदर टीम व बालाजी क्लब टीम द्वारा खेला गया। जिसमें बेहन्दर टीम ने बालाजी क्लब को हराकर विजयी हुई। बेहन्दर टीम द्वारा फाइनल मुकाबला जितने पर समाजसेवी डा.नृपेन्द्र वर्मा व जय हिन्द संस्था द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर सम्मानित किया गया। डा.नृपेन्द्र वर्मा ने बताया सभी युवाओं व समाज में हमारी एक ही मुहिम है कि नशा मुक्त जीवन जिए व अपने समाज में रह रहे लोगो को नशा न करने के लिए प्रेरित करें। नशा करने से इंसान की सोचने समझने की शक्ती नही रहती है। जिससे परिवार व समाज में आपसी कलह पैदा होती है। इस अवसर पर शैलेंद्र वर्मा, राजन, छोटु, विपिन मिश्रा, अमित पांडेय, सरोज, मान सिंह,अलोक मिश्रा, करन, अभिनव, सुमंत, हर्षित पटेल आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल के 40 वें हनुमान चालीसा पाठ पर आयोजित हुआ भव्य संकीर्तन



संवाददाता

हरदोई।श्री खाटू श्याम एकादशी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल व श्री श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा स्थानीय श्री खाटू श्याम मंदिर पर भव्य बाला जी व खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे सीतापुर व हरदोई के भजन गायको द्वारा भजनो का गुणगान किया गया।

संकीर्तन कार्यक्रम की शुरुआत हरदोई के भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने गणेश वंदना से की, इसके उपरांत श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के जिला उपप्रमुख अभिषेक गुप्ता व जिला प्रभारी मंजू गुप्ता, संकेत तिवारी ने सभी को हनुमान चालीसा व हनुमान आरती करवाई।

सीतापुर से आये मुख्य गायक दुर्गांश शुक्ला एवं हरदोई के गायक आर्यन अग्रवाल, संजय त्रिपाठी, दिव्यांश त्रिपाठी, कुमारी शालिनी त्रिपाठी ने बाला जी व बाबा श्याम के भजन आना पवन कुमार हमारे संकीर्तन में, दुनिया चले न हनुमान के बिना, हे आर्यपुत्रो तुम्हे अयोध्या बुला रही, तू कृपा कर बाबा तेरा कीर्तन करवाऊगा, श्याम रंगीला श्याम का घोडा है नीला, लेने आजा खाटू वाले रिंग्स के उस मोड़ पर, खाटू वाले श्याम धनी कमल हो गया, जो राम को लाये है हम उनको लाएंगे, नन्द भवन में उड़ रही धूल, दीनानाथ मेरी बात जाने, मेरा तो श्याम से नाता है आदि भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया इस अवसर पर समिति के सदस्य अपूर्व गुप्ता, निखिल गुप्ता सुनील अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कुणाल गुप्ता, सचिन सक्सेना, अवध राज, रवि राज, मंजेश कश्यप, हिमांशु गुप्ता, राहुल, संदीप श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव आदि ने सफल आयोजन में सहयोग किया पुजारी रवि दीक्षित व् सरोज मिश्रा ने आरती व पूजन अर्चन संपन्न कराया आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

इसके अलावा अपने नियमित क्रम के चालीसवे मंगलपाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई अन्य मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ भी किया श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साईं मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को राममय बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय 4 बजे विभूति नगर हरदोई के श्री गणेश साई मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक आरती गुप्ता, व् प्रभारी अनीता गुप्ता ने सभी को सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कराया।महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय 5 बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया। श्री शिव महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ लखनऊ रोड हरदोई में युवा प्रभारी सुमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी को मंगल पाठ कराया गया।इस अवसर पर दुर्गेश तिवारी, मिंटू द्विवेदी, हरिप्रकाश तिवारी, सुशील द्विवेदी, आदर्श द्विवेदी, अंकित द्विवेदी, प्रियांशु तिवारी, सचिन द्विवेदी गोलू , संजय द्विवेदी , देवा तिवारी, अस्थाना द्विवेदी, सचिन आदि लोग शामिल रहे। अखंड स्वतंत्र सनातन हिन्दू राष्ट्र कार्यक्रम के तहत मल्लावां के श्री महावीर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिदल का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ जिसमें आकाश गुप्ता,अजय गुप्ता, प्रतीक कटियार, वंश कटियार, आर्यन कटियार, पियुष् कटियार, निशु कटियार, शालू कटियार, प्रशान्त कटियार, अभिषेक कश्यप, अभिषेक सविता छोटे, अमन कटियार, विभु कटियार, अंश कटियार व अन्य लोग शामिल रहे।

# 10 हजार रूपये का इनामी हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## – रिक्शा चालक के मर्डर में चल रहा था फरार

संवाददाता

हरदोई। पुलिस व इनामी हत्यारोपी के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें जवाबी कार्रवाई के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है।

पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए लेकर जा रही थी, तभी रास्ते मे लघुशंका के बहाने आरोपी ने पुलिस जीप रुकवाई और सिपाही की सरकारी राइफल छीनकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी का जब पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर नीचे गिर गया। जिसे पुलिस द्वारा मेडिकल कॉलेज हरदोई में इलाज के लिए लाया गया। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस के दो जवानों का घायल होना बताया गया है, जिनका इलाज चल रहा है।

बताया गया कि लखीमपुर खीरी के साहूपुर निवासी शैलेंद्र की हत्या का मामला पिहानी कोतवाली में पुलिस ने विगत 18 दिसंबर 2023 को दर्ज किया था।

# भारत बनाम इंग्लैंड : जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट से मिलेगा आराम




एजेंसी

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम ने राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट को 434 रन से जीतते हुए 5 मैचों की सीरीज में 2–1 से बढ़त बनाई।अब सीरीज का चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। इस बीच खबर ये है कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मैच से आराम दिया जा सकता है।बता दें कि बुमराह ने सीरीज के अब तक तीनों टेस्ट में हिस्सा लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मंगलवार को राजकोट से उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है।ऐसा माना जा रहा है कि वह राजकोट से अहमदाबाद जाएंगे।वह धर्मशाला में सीरीज का 5वां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, यह बाद में तय होगा और यह चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर हो सकता है। बता दें कि सीरीज का आखिरी टेस्ट 7 मार्च से खेला जाना है। बुमराह लगातार टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया जा सकता है।इससे पहले मोहम्मद सिराज को विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट से आराम दिया गया था।अगर बुमराह को रांची टेस्ट से आराम दिया जाता है, तो उनके स्थान पर मुकेश कुमार को टीम में जोड़ा जा सकता है।हालांकि, बीसीसीआई की ओर से इस पर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। बुमराह इस सीरीज में फिलहाल सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं। उन्होंने अब तक 3 टेस्ट की 6 पारियों में 13.65 की औसत से 17 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 1 बार 5 विकेट हॉल लिया है।उनके बाद इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हर्टले हैं, जिन्होंने 33.19 की औसत के साथ 16 विकेट लिए हुए हैं।भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा 12 विकेटों के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है। भारत को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 28 रन से शिकस्त मिली थी।इसके बाद विशाखापट्टनम में मेजबान टीम ने 106 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में बराबरी हासिल की।इसके बाद राजकोट में भारतीय टीम ने रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 2–1 से बढ़त हासिल की।अब रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम के पास सीरीज पर कब्जा जमाने का सुनहरा मौका है।



# फेवरवेल मैच में कीवी फैंस से सपोर्ट की उम्मीद नह : वार्नर

एजेंसी

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर को न्यूजीलैंड की सरजमीं पर अपने आखिरी दौरे में वेलिंगटन और ऑकलैंड में दर्शकों से गर्मजोशी से स्वागत की उम्मीद नहीं है।

इस गर्मी में टेस्ट और वनडे क्रिकेट से दूर रहने वाले 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि पूर्णकालिक घरेलू फ्रेंचाइजी खिलाड़ी बनने से पहले इस साल का टी20 विश्व कप उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। वार्नर ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए न्यूजीलैंड में अपने पिछले मुकाबलों के आधार पर यह टिप्पण की क्योंकि पहले कीवी फैंस उन्हे ट्रोल कर चुके हैं और उन्हें लगता है कि इस बार भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। हालांकि, उन्हें भरोसा है कि इससे सीरीज में उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# यूट्यूब ने अपने टीवी ऐप पर क्रिएटर्स के लिए लान्च किया नया चैनल पेज




एजेंसी

सैन फ्रांसिस्को। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने यूजर एक्सपेरियंस को बेहतर बनाने और बड़ी स्क्रीन पर सामग्री को अधिक सुलभ बनाने के लक्ष्य के साथ अपने टीवी ऐप पर क्रिएटर्स के चैनलों के लिए एक नए लुक का अनावरण किया है। नए फीचरों में लेआउट को ज्यादा आधुनिक बनाया गया है, बेहतर एक्शन बटन है और वीडियो कंटेंट के मिश्रण को चलाने की क्षमता है। यूट्यूब ने अपने वीडियो में क्रिएटर्स के पेजों में बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि अपडेट अधिक इमर्सिव लेआउट और सब्सक्राइब तक आसान पहुंच की पेशकश पर केंद्रित है।

नया डिज़ाइन कंपनी के नए डेटा की पृष्ठभूमि में लॉन्च किया गया है जिसमें पता चला है कि शीर्ष क्रिएटर्स की संख्या में, जिन्हें अपना अधिकांश वॉच टाइम टीवी पर मिलता है, पिछले तीन वर्षों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यूट्यूब के सीईओ, नील मोहन ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, दर्शक सब कुछ एक ही स्थान पर चाहते हैं, लाइव स्पोर्ट्स गेम से लेकर बीबीसी से लेकर खान अकादमी और निक्की ट्यूटोरियल तक।

और वे यूट्यूब को उसी तरह देख रहे हैं जैसे हम पारंपरिक टीवी शो के लिए एक साथ बैठते थे घर में सबसे बड़ी स्क्रीन पर दोस्तों और परिवार के साथ।

कंपनी के मुताबिक, जनवरी से सितंबर 2023 तक कनेक्टेड टीवी पर यूट्यूब शॉर्ट्स के व्यूज 100 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए हैं। कंपनी ने यह भी कहा है कि विश्व स्तर पर दर्शक अब हर दिन अपने टीवी पर औसतन एक अरब घंटे से अधिक यूट्यूब कंटेंट देखते हैं। इनसाइट्स, डेटा और एनालिटिक्स में वैश्विक अग्रणी नीलसन ने यूट्यूब को पूरे एक साल तक देखे जाने के समय के हिसाब से अमेरिका में नंबर एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बताया है।

# पीकेएल 10 प्रतिशत आशु मलिक की रेलडग ने दबंग दिल्ली को बेंगलुरु बुल्स पर जीत दिला



शुरुआत से ही दबंग दिल्ली ने तेजी से बढ़त बना ली और खेल के पहले पांच मिनट में ही बुल्स को मुश्किल में डाल दिया।

एजेंसी

पंचकूला। यहां के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रविवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में दबंग दिल्ली ने बेंगलुरू बुल्स को 46–38 से हरा दिया। शानदार रेडिंग प्रदर्शन में आशु मलिक ने 17 अंक दर्ज किए, जिससे वह पीकेएल सीजन 10 में सफल रेड के चार्ट में शीर्ष पर पहुंच गए और सीजन के लिए रेड पॉइंट में अर्जुन देशवाल से केवल नौ अंक पीछे रह गए।

शुरुआत से ही दबंग दिल्ली ने तेजी से बढ़त बना ली और खेल के पहले पांच मिनट में ही बुल्स को मुश्किल में डाल दिया। पहला ऑल–आउट पहले पांच मिनट के भीतर आया और उन्होंने 12–3 की बढ़त ले ली। वहां से बुल्स एकजुट हुए और बढ़त के करीब पहुंचने के लिए कुछ अंक भी जुटाए। बहुत ही अनुशासित प्रदर्शन में उनकी रक्षा ने कार्य को पूरा किया और आधे के माध्यम से अविश्?वसनीय 14 टैकल अंक दर्ज किए, जो उनके रेडरों की तुलना में अधिक था।

हाफ के अंतिम पांच मिनटों में वे ही थे, जिनके पास गति थी और जल्द ही दबंग हाथापाई करने लगे। मैट पर उनकी संख्या कम हो गई। विकास कंडोला पर योगेश के सुपर टैकल ने ब्रेक को रोक दिया, क्योंकि वे 28–16 से आगे थे। इसके बावजूद बुल्स को फिर से शुरू होने के कुछ सेकंड के भीतर अपना पहला ऑल–आउट करने में देर नहीं लगी और अंतर को 28–19 तक कम कर दिया। दबंग ने लगभग तुरंत ही पलटवार किया और आशु मलिक की सुपर रेड ने पोन पार्थिबन सुब्रमण्यम, सौरभा नंदल और रोहित कुमार को आउट कर उन्हें गेम पर वापस नियंत्रण में ला दिया। उतार–चढ़ाव भरी प्रतियोगिता की प्रकृति का मतलब था कि किसी भी टीम के लिए कभी भी कोई स्थिर गति नहीं थी। कुछ मिनट बाद सुशील ने विशाल भारद्वाज, मनु, मीतू शर्मा और बालासाहेब जाधव को बाहर करने के लिए अपनी खुद की एक सुपर रेड बनाई और बुल्स का नियंत्रण फिर से स्थापित किया। उन्होंने दबंग दिल्ली को पांच अंकों के भीतर ड्रा करने के लिए दूसरा ऑल–आउट दिया।

ऑल–आउट के बावजूद बुल्स ने दबंग और विशेष रूप से मलिक को लगातार स्कोर करने से रोकने के लिए संघर्ष किया और इसका मतलब था कि वे कभी भी अंतर को पूरी तरह से पाटने में सक्षम नहीं थे। यह गेम की आखिरी रेड में स्पष्ट था, एक सुपर रेड जहां मलिक ने विकास कंडोला, सुशील, सुरजेत सिंह और रण सिंह को बाहर कर यह सुनिश्चित किया कि दबंग ने तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एक बड़ी जीत हासिल की।

# स्टोक्स ने की डीआरएस से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग

संवाददाता

नई दिल्ली। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 432 रन की हार में जैक क्रॉली के आउट होने के बाद डीआरएस में अंपायर कॉल को खत्म करने की अपील की। बेन स्टोक्स को जैक क्रॉली का एलबीडब्ल्यू आउट होना हैरान करने वाला लगा, क्योंकि डीआरएस से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी। फिर भी मैदानी फैसला बरकरार रहा और डीआरएस ने इस फैसले को अंपायर कॉल की तरफ भेज दिया। स्टोक्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को मैच के बाद मैच रेफरी से बात करते हुए जैक क्रॉली के आउट पर स्पष्टीकरण मांगते हुए देखा गया। ईएसपीएन ने स्टोक्स के हवाले से कहा, जब रिप्ले हुआ तो हम जैक के डीआरएस के बारे में कुछ स्पष्टता चाहते थे। रीप्ले में गेंद स्पष्ट रूप से स्टंप को मिस कर रही थी। इसलिए जब इसे अंपायर का कॉल दिया गया और गेंद वास्तव में स्टंप से नहीं टकराई, तो हम थोड़ा हैरान थे। इसलिए हम हॉक–आई के लोगों से कुछ स्पष्टता चाहते थे। स्टोक्स ने कहा, इस पर उन्होंने जवाब दिया कि गेंद स्टंप को लग रही थी लेकिन प्रोजेक्शन गलत था। मुझे नहीं पता कि इसका क्या मतलब है, लेकिन कुछ गड़बड़ी जरूर हुई। यहां जो कुछ हुआ है, उस पर मैं किसी को दोष नहीं दे रहा हूं, जैसा कि मैंने पिछले सप्ताह भी नहीं किया था।

**मिशन संदेश**
हिन्दी साप्ताहिक

स्वामी, मुद्रक,प्रकाशक मो.सईद पठान द्वारा अनिल प्रिंटिंग प्रेस प्लाट न.26, औद्योगिक अस्थान, मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद, संत कबीर नगर 272175 उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर,मोहल्ला ईदगाह मोती नगर खलीलाबाद, संत कबीर नगर से प्रकाशित किया गया

सम्पादक
मो0 सईद पठान
मो.– 9454001238
Email:-
missionsandesh.skn@gmail.com

नोट–सभी विवादों का न्याय क्षेत्र संत कबीर नगर मान्य होगा